हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
5
जबलपुर, रविवार 14 जून 2026
login : www.haribhoomi.com
पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई

**खबर संक्षेप**

### मरीजों को दिलाई 2 लाख 95 हजार की आर्थिक सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से गंभीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर 5 मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 2 लाख 95 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। यह सहायता राशि मिलने से नागपुर और छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के गंभीर मरीजों का इलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों गंभीर रूप से बीमार मरीजों के परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात कर अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात कहते हुए बीमारी के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को पत्र प्रेषित कर मरीजों की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिस आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने छिन्दवाड़ा श्रीमती रेखा पति आकाश मिश्रा को 20 हजार, सलैया निवासी श्रीमती राधा पति नवल सिंह रघुवंशी को 75 हजार की राशि स्वीकृत की है इन दोनों मरीजों का इलाज नागपुर के अस्पतालों में होगा वहीं छिन्दवाड़ा निवासी श्रीमती अनिता पति भोलाराम पटवा को 65 हजार, पांढुर्णा के ग्राम उत्तमडेरा माल निवासी विनोद पिता सूरत धुर्वे को 60 हजार एवं छिन्दवाड़ा निवासी संतकुमार पिता अर्जुन को 75 हजार इन तीनों मरीजों का इलाज छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में होगा।

## पंचायत और प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

# पिकनिक मनाने आए सिवनी के बालक की डूबने से मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना 'घोघरा वॉटरफॉल' शनिवार को एक बार फिर मातम का गवाह बना। यहाँ नहाने के दौरान पानी में डूबने से 16 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। इस दुखद घटना ने न केवल एक हंसता-खेलता परिवार उजाड़ दिया है, बल्कि प्रशासन और स्थानीय पंचायत की लचर सुरक्षा व्यवस्था की कलई भी खोल कर रख दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, जिला सिवनी निवासी सोमकांत पिता संतोष विश्वकर्मा (16 वर्ष) अपने साथियों के साथ सुप्रसिद्ध चमत्कारिक जाम सांवली हनुमान मंदिर दर्शन करने आया था। दर्शन के उपरांत सभी साथी पिकनिक मनाने पास ही स्थित घोघरा वॉटरफॉल पहुँच गए। नहाते समय सोमकांत का पैर फिसलने या गहरे पानी का अंदाजा न होने के कारण वह गहराई में चला गया।

साथियों के चिल्लाने तक बहुत देर हो चुकी थी और डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही लोधीखेड़ा टीआई ए.बी मर्सकोले अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### घोघरा में सुरक्षा के नाम पर केवल खानापूर्ति

घोघरा वॉटरफॉल पर रोजाना सैकड़ों की संख्या में सैलानी परिवार युवा पहुँचते हैं, लेकिन यहाँ की सुरक्षा 'राम भरोसे' है। यहाँ न तो खतरनाक क्षेत्रों में कोई चेतावनी बोर्ड लगा है, न ही गहरे पानी की ओर जाने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग की गई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पर्यटन स्थल घोषित होने के बावजूद यहाँ सुरक्षा गार्ड या गोताखोरों की कोई तैनाती नहीं है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और पंचायत को आईना दिखाते हुए कड़े सवाल खड़े किए हैं, जानलेवा गहराई वाले क्षेत्रों को चिह्नित क्यों नहीं किया गया है?भारी संख्या में पर्यटकों के आने के बावजूद यहाँ आपदा प्रबंधन की कोई तैयारी क्यों नहीं है?आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के बाद भी प्रशासन क्यों कुंभकर्णी नींद सो रहा है?स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ग्राम पंचायत रिधोरा और प्रशासन ने यहाँ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए, तो भविष्य में और भी कई मासूम अपनी जान गंवाएंगे। फिलहाल लोधीखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जाँच शुरू कर दी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या किसी की जान जाने के बाद ही प्रशासन की नींद खुलेगी?

### पहले भी हो चुकी मौतें, नहीं बन रही कोई सुरक्षा व्यवस्था

इसके पहले भी कई युवाओं परिजनों ने यहाँ अपनी जान गंवाई है, लेकिन इसके बावजूद ग्राम पंचायत रिधोरा, जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि 'कुंभकर्णी नींद' से जागने को तैयार नहीं हैं। स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी रहने के बाद भी ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। क्या ग्राम पंचायत और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का काम केवल टैक्स वसूलना है या क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उनकी नैतिक जिम्मेदारी है?हर बार दुर्घटना के बाद अधिकारी जांच का आश्वासन देकर शांत बैठ जाते हैं। आखिर कब तक प्रशासनिक फाइलों में दबी सुरक्षा की योजनाएं धरातल पर उतरेंगी?

## अथर्व हत्याकांड का दमुआ पुलिस ने किया खुलासा

# मुख्य आरोपी सहित चाचा और चचेरा भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



नगर के बहुचर्चित अथर्व उर्फ चीकू सोलंकी हत्याकांड का दमुआ पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मुख्य आरोपी के साथ उसके चाचा और चचेरे भाई को भी गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने हत्या के बाद मृतक की तलाश कर रही भीड़ को गुमराह करने का प्रयास किया था। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 11 निवासी अथर्व उर्फ चीकू सोलंकी 10 जून की रात घर से अनुसुईया माता मंदिर, हनुमान टेकड़ी जाने की बात कहकर निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। अगले दिन मंदिर के समीप उनका शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद थाना दमुआ में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आशीष खरे एवं एसडीओपी जुन्नारदेव श्री सुनील वरकड़े के निर्देशन में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सागर साहू को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया।पुलिस के अनुसार आरोपी सागर साहू (27) ने सामाजिक बदनामी के भय से मंदिर के पास अपने कमरे के पीछे बाड़ी में रस्सी से गला घोंटकर अथर्व की हत्या कर दी और शव को लकड़ियों के ढेर के पास छिपा दिया। हत्या के बाद उसने अपने चाचा संतोष साहू (50) और चचेरे भाई नमन साहू (19) को पूरी घटना की जानकारी दी।जांच में सामने आया कि जब परिजन और स्थानीय लोग अथर्व की तलाश कर रहे थे, तब संतोष साहू और नमन साहू मौके पर मौजूद भीड़ को लगातार गुमराह करते रहे। दोनों आरोपियों ने लोगों को घटनास्थल की ओर जाने से रोकने और जांच को भटकाने का प्रयास किया, जिससे हत्या का राज छिपा रहे। पुलिस ने इसे अपराध में सहयोग मानते हुए दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। घटना में प्रयुक्त रस्सी, मृतक की चप्पल एवं अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जब्त किए गए हैं।हत्याकांड के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिरसाम, उपनिरीक्षक केलन सिंह करिहार, प्रधान आरक्षक धरमदास यादव, शिवराम उइके तथा आरक्षक मैनसिंह उइके, नितिन रघुवंशी, सुरजीत मरकाम, प्रेम भलावी और राजकुमार धुर्वे की विशेष भूमिका रही।

# विश्व को दिशा देने वाला भारत बन रहा है, प्रबुद्धजन निभाएं परिवर्तन के सारथी की भूमिका : मोहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे ₹12 साल विकास के, विश्वास के एवं जनकल्याण के₹ अभियान के अंतर्गत शनिवार को शांतिनाथ लॉन में प्रबुद्धजन विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन पद्मश्री सम्मानित वरिष्ठ चिंतक एवं समाजसेवी मोहन नागर, भाजपा जिला संगठन प्रभारी आदित्य बबला शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, प्रतिष्ठित व्यापारी एवं समाजसेवी सुरेश अग्रवाल, डॉ पूरन राजालानी, अनाज व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रतीक शुक्ला, समाजसेवी श्रीमती किरण सोनी एवं श्रीमती आराधना शुक्ला के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

मुख्य वक्ता पद्मश्री मोहन नागर ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व उसी राष्ट्र के विचारों को स्वीकार करता है, जो शक्तिशाली होता है। भारत का मूल विचार ₹सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः₹ अर्थात सभी के कल्याण का है। उन्होंने कहा कि भारत के इस विचार को विश्व तभी स्वीकार करेगा, जब भारत हर क्षेत्र में शक्तिशाली और आत्मनिर्भर बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों का कालखंड विकसित और समर्थ भारत की मजबूत नींव रखने का कालखंड रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने देश में स्वच्छता के प्रति नई चेतना जगाई है और स्वस्थ समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। आर्थिक सुदृढ़ता के लिए केंद्र सरकार ने नोटबंदी, जीएसटी और डिजिटल लेन-देन जैसी ऐतिहासिक पहल की, जिसके परिणामस्वरूप कोरोना काल जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी देश की अर्थव्यवस्था मजबूती से खड़ी रही। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित होगा। श्री नागर ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश की सामरिक शक्ति को सुदृढ़ करने के लिए रक्षा क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा दिया।

## श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**दमुआ।** राधे-राधे श्री श्याम, राधे-राधे के जयघोष से इन दिनों दमुआ का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। परमपिता परमेश्वर, कुलदेवी एवं पितरों की असीम कृपा से स्वर्गीय श्री कुंदनलाल साहू एवं स्वर्गीय श्री नत्थूलाल साहू की पावन स्मृति में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कर रहे हैं। नया बस स्टैंड दमुआ परिसर में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का रसपान राष्ट्रीय धर्माचार्य श्री दुर्गेष जी महाराज, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के मुखारविंद से कराया जा रहा है। महाराज श्री द्वारा श्रीमद्भागवत के प्रसंगों का सरल एवं भावपूर्ण वर्णन श्रद्धालुओं को भक्ति और धर्म की ओर प्रेरित कर रहा है।इस आयोजन की मुख्य आयोजक श्रीमती कपसी बाई, पत्नी स्वर्गीय श्री कुंदनलाल साहू हैं। उनके साथ पूनम साहू सहित स्वागताकांक्षियों में श्री मुकेश साहू, जितेंद्र साहू, वैषाली हार्डवेयर दमुआ तथा समस्त साहू परिवार एवं मित्रगण सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कथा समापन अवसर पर लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा कथा व्यास श्री दुर्गेष जी महाराज का स्मृति चिन्ह, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया जाएगा। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले साहू परिवार छिंदवाड़ा एवं दमुआ के साहू समाज के लोगों का भी सम्मान किया जाएगा। श्रद्धा, भक्ति और सेवा के इस अनूठे संगम ने पूरे दमुआ क्षेत्र को धर्ममय वातावरण से सराबोर कर दिया है।

# निगम का चला बुलडोजर, जब्त किया सामान

## ईएलसी चौक से इमलीखेड़ा तक कार्रवाई, फुटकर व्यापारियों को नियमों का पालन करने की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से नगर निगम ने बुधवार को नागपुर रोड क्षेत्र में व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार निगम की टीम ने ईएलसी चौक से लेकर डी.डी.सी. कॉलेज, चंदनगांव माता मंदिर के समीप तथा इमलीखेड़ा चौक के आसपास सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की।नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई से पूर्व क्षेत्र के फुटकर व्यापारियों को अलाउंसमेंट के माध्यम से कई बार चेतावनी दी गई थी कि वे सड़क पर अपना सामान रखकर अतिक्रमण न करें और निर्धारित स्थानों पर ही व्यवसाय संचालित करें। इसके बावजूद कुछ व्यापारियों द्वारा दोबारा सड़क घेरकर दुकानें लगाने और सामान फैलाने की शिकायतें मिल रही थीं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

इसी के मद्देनजर निगम की टीम मौके पर पहुंची और सड़क पर रखे गए सामान को हटाते हुए जब्ती की कार्रवाई की। अभियान के दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों को भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत भी दी।नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



## अवैध रूप से भंडारित 780 घनमीटर रेत जप्त

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए गत दिवस छिंदवाड़ा तहसील के ग्राम शहपुरा में महादेव पहाड़ी एवं मड़ई चौक के पास अवैध रूप से भंडारित लगभग 780 घनमीटर रेत जप्त की गई। इस प्रकरण के संबंध में खनिज नियमों के अनुसार आगामी कार्यवाही के लिये प्रकरण कलेक्टर न्यायालय को प्रस्तुत किया जाएगा।

## मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का शतप्रतिशत लोगों को मिल रहा लाभ : साहू

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने परासिया विकासखण्ड के ग्राम सूठिया, धमनिया, तुरसी और जाटाछापर में चौपाल लगाकर चौपाल में बडी संख्या में पहुंचे आदिवासी भाई-बहनों व ग्रामीणों और आमजनों से चर्चा करते हुये उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण भी किया है। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्रामीणों को बताया कि मोदी सरकार के 12 साल विश्वास,विकास एवं जनकल्याण के रहे है। इस दौरान सांसद श्री साहू ने ग्रामीणों एवं आमजनों को बताया कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का शतप्रतिशत लोगों को लाभ मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू ने मोदी सरकार के सफलतम 12 वर्ष विकास के, विश्वास के एवं जनकल्याण को लेकर शुक्रवार को परासिया विकासखण्ड के ग्राम सूठिया, धमनिया और तुरसी में जहां चौपाल लगाई वही गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत आदिवासी भाई-बहनों व ग्रामीणों और आमजनों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याएं सुनकर उसका मौके पर ही निराकरण भी किया।

इस दौरान सांसद श्री साहू ने सूठिया में दोपहर में चौपाल लगाते हुए शासकीय योजनाओं में लाभान्वित हितग्राहियों एवं आमजनों के साथ चर्चा की और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुये उसका मौके पर ही निराकरण भी किया। इस दौरान सांसद श्री साहू ने पौधारोपण भी किया।

# भाजपा नेता दीपक सक्सेना 71वें जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचे हजारों समर्थक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भाजपा नेता दीपक सक्सेना का 71वां जन्मदिन बुधवार को उनके गृह ग्राम रोहना में हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। जन्मदिन समारोह को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। गांव की साज-सज्जा, स्वागत द्वार, आकर्षक रोशनी और जगह-जगह लगाए गए बैनर-पोस्टरों ने आयोजन को विशेष बना दिया। पूरे दिन रोहना गांव दुल्हन की तरह सजा-संवरा नजर आया। जन्मदिन समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। अतिथियों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। सुबह से ही लोगों का आयोजन स्थल पर पहुंचना शुरू हो गया था और देर शाम तक बधाई देने वालों का सिलसिला जारी रहा।दीपक सक्सेना के प्रति समर्थकों के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके जन्मदिन को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उमंग दिखाई दी। लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ और मालाएं भेंट कर दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सक्रिय सार्वजनिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी पहुंचकर उनका सम्मान किया और उनके योगदान की सराहना की।इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीपक सक्सेना के सार्वजनिक जीवन, संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और जनसंपर्क क्षमता का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की राजनीति को प्राथमिकता दी है।

# उद्यानिकी खेती से आत्मनिर्भर बनीं महिला कृषक भादे

## गेंदे की खेती से 11 हजार की लागत में कमाए 1.50 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले के विकासखण्ड मोहखेड़ के ग्राम चारगांव करबल की प्रगतिशील महिला कृषक श्रीमती इन्दिरा भादे आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनकर उभरी हैं। कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं उद्यानिकी खेती को बढ़ावा देने की दिशा में उनकी सफलता एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

श्रीमती इन्दिरा भादे के पास कुल 0.241 हेक्टेयर कृषि भूमि है, जिसमें वे उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए खेती करती हैं। उनके खेत में ड्रिप सिंचाई सुविधा उपलब्ध है, जिससे पानी की बचत के साथ फसलों की उत्पादकता में भी वृद्धि हुई है। उद्यानिकी फसलों के प्रति रुचि और नवाचार अपनाने की सोच ने उन्हें पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर बेहतर आय अर्जित करने का अवसर प्रदान किया।

श्रीमती भादे ने जनवरी 2026 में अपने खेत के लगभग 0.120 हेक्टेयर क्षेत्र में गेन्दा (सनसाईन यलो किस्म) की खेती की। इस क्षेत्र में पौधरोपण एवं अन्य कृषि कार्यों पर उन्हें लगभग 11 हजार रुपये की लागत आई। उन्होंने फसल प्रबंधन, सिंचाई एवं देखभाल के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाया, जिसके परिणामस्वरूप फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन दोनों बेहतर रहे।

मेहनत और उचित प्रबंधन का परिणाम यह रहा कि उन्हें लगभग 40 क्विंटल गेन्दा फूल का उत्पादन प्राप्त हुआ। बाजार में गेन्दा फूल को 40 से 50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय किया गया, जिससे उन्हें 1.50 लाख रुपये से अधिक की सकल आय प्राप्त हुई। उत्पादन लागत निकालने के बाद श्रीमती भादे को 1.39 लाख रुपये से अधिक की शुद्ध आय अर्जित हुई, जो उनके लिए आर्थिक रूप से अत्यंत लाभकारी साबित हुई।

महिला कृषक श्रीमती इन्दिरा भादे का कहना है कि उद्यानिकी फसलों की खेती कम क्षेत्र में भी अधिक आय प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि ड्रिप सिंचाई और समय पर फसल प्रबंधन से उत्पादन लागत नियंत्रित रहती है तथा गुणवत्तायुक्त उत्पादन मिलने से बाजार में अच्छे दाम प्राप्त होते हैं। उनकी इस सफलता ने गांव की अन्य महिलाओं को भी उद्यानिकी खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

## प्रशासनिक निर्देशों के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई, जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल

# जल स्त्रोत पर चला विकास का पहिया, वर्षों पुराना कुआं हुआ जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार देशवासियों से जल संरक्षण का संकल्प लेने की अपील करते रहे हैं। उनका कहना है कि पानी केवल जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि पृथ्वी के भविष्य को भी आकार देने वाला अमूल्य संसाधन है। उन्होंने लोगों से जल की प्रत्येक बूंद बचाने, उसके विवेकपूर्ण उपयोग का संकल्प लेने और आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने का आह्वान किया है।

जल संरक्षण के लिए कार्य करने वाले लोगों, जागरूकता फैलाने वाले नागरिकों तथा जल संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने वालों की उन्होंने खुले मंचों से सराहना भी की है। केंद्र और राज्य सरकारें भी जल स्त्रोतों के संरक्षण, उनके पुनर्जीवन और प्रदूषण से बचाव के लिए विभिन्न अभियान चला रही हैं।लेकिन दूसरी ओर तामिया क्षेत्र में जल संरक्षण को लेकर गंभीर लापरवाही के उदाहरण सामने आ रहे हैं। जल गंगा संवर्धन जैसे अभियानों की वास्तविक



स्थिति का अंदाजा तामिया स्थित सांदीपानी स्कूल परिसर को देखकर लगाया जा सकता है, जहां स्कूल भवन निर्माण के दौरान वर्षों पुराने जल स्त्रोत को ही मिट्टी में दफन कर दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, सांदीपानी स्कूल परिसर के मैदान में एक पुराना कुआं मौजूद था, जिसका उपयोग लंबे समय से आसपास के लोगों की आवश्यकताओं के लिए



गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत पेयजल स्रोतों को बचाने के बजाए मिटाया जा रहा

ठेकेदार द्वारा पेयजल आपूर्ति करने वाले कुएं को जमींदोज करने की तैयारी

किया जाता रहा था। आरोप है कि स्कूल निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार ने पिछले वर्ष परिसर में सड़क निर्माण और अन्य सुविधाओं के नाम पर इस कुएं को बिना किसी आवश्यकता के मिट्टी से भरवा दिया। इससे एक महत्वपूर्ण पेयजल स्त्रोत हमेशा के लिए समाप्त हो गया।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्कूल प्रबंधन चाहता तो इस जल स्त्रोत को सुरक्षित रखा जा सकता था, लेकिन कुएं को बचाने के बजाय ठेकेदार को सुविधा पहुंचाने को प्राथमिकता दी गई। आरोप यह भी है कि पूरे मामले में स्कूल प्रबंधन ने ठेकेदार का सहयोग किया। कुएं को पाटे जाने की सूचना न तो संबंधित विभागों को समय पर दी गई और न ही इसे बचाने का कोई गंभीर प्रयास किया गया। परिणामस्वरूप ठेकेदार और स्कूल प्रबंधन की कथित मिलीभगत के चलते लोगों के काम आने वाला एक महत्वपूर्ण जल स्त्रोत जमीनदोज हो गया।

इस मामले को लेकर दैनिक हरिभूमि ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद जिला पंचायत ने मामले को संज्ञान में लिया और संबंधित सचिव को आवश्यक निर्देश जारी किए। पंचायत स्तर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तामिया, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारियों को लिखित रूप से उचित कार्रवाई के लिए पत्र भी प्रेषित किए गए। उम्मीद जताई जा रही थी कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी और जल स्त्रोत को लेकर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

हालांकि, एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कार्रवाई कागजों से आगे नहीं बढ़ सकी है। न तो कुएं को जमीनदोज करने वाले ठेकेदार के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाया गया और न ही इस पूरे प्रकरण में जिम्मेदार अधिकारियों अथवा स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही तय की गई। इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।विडंबना यह है कि एक ओर जल संरक्षण के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर जनजागरण अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मौजूदा जल स्त्रोतों को बचाने में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही। यदि वर्षों पुराने कुओं और प्राकृतिक जल स्त्रोतों को इसी तरह खत्म किया जाता रहा तो जल संरक्षण के दावों का औचित्य भी कटघरे में खड़ा होगा।

# शिविर में विभिन्न योजनाओं के आवेदनों का हुआ निराकरण

## जन कल्याण शिविरों का सभी जोनों में आयोजन




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

नगर निगम के सभी जोनों में 12 से 14 जून तक आयोजित किए जा रहे जनकल्याण शिविरों के अंतर्गत शनिवार को जगन्नाथ जोन में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अभिलाष गौहर, राजस्व सभापति बलराम साहू, जनप्रतिनिधि माइकल पहाड़े, निगम उपायुक्त कमलेश निर्गुणकर, राजस्व अधिकारी महेश साहू, जोनल अधिकारी ब्रजेश पांडे, अरुणलता मालवी, सिटी मिशन मैनेजर उमेश पयासी, सेवंती पटेल, सीओ योगेश डेहरिया एवं एसडीओ एग्रीकल्चर रमाकांत दुबे उपस्थित रहे। शुभारंभ कार्यक्रम में बताया गया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक सरल एवं सहज तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य से सभी जोनों में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं तथा विभिन्न सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। शिविरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग से संबंधित सेवाओं के अंतर्गत अविवादित संपत्ति नामांतरण (मृत्यु प्रकरण), अविवादित संपत्ति हस्तांतरण, नए नल एवं सीवर कनेक्शन, डेड लाइन सुधार कार्य, हैंडपंप एवं ट्यूबवेल सुधार, नो ड्यूज प्रमाण पत्र, पीएम स्वनिधि योजना, फायर एनओसी, भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र, भवन पूर्णता प्रमाण पत्र, आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति एवं विकास अनुज्ञा की समय-सीमा वृद्धि संबंधी कार्य किए जा रहे हैं।

शिविर के पहले दिन पीएम स्वनिधि योजना के 133, ट्रेड लाइसेंस के 51, नो ड्यूज प्रमाण पत्र के 80, संबल योजना के 68, बीपीएल संबंधी 5, नए नल कनेक्शन के 85 तथा पेंशन योजना के 34 आवेदनों का निराकरण किया गया। नागरिकों ने शिविर में पहुंचकर विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। जनकल्याण शिविरों का आयोजन आगामी दिवसों में भी सभी जोन कार्यालयों में किया जाएगा, जहां नागरिक पहुंचकर शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## धरमटेकड़ी में चला स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान




**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 5 जून से चलाए गए पर्यावरण सप्ताह की पूर्णता शुक्रवार को धरमटेकड़ी में विशेष स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम से हुई ।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को फोर बिन कचरा पृथक्करण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया, साथ ही ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर दीपक राज जैन, स्वच्छता चैंपियन डॉ. मीरा पराड़कर, शैलेंद्र उजवने, रविन्द्र कुशवाहा एवं डॉ. महेश बंदेवार के साथ समाजसेवी डॉ. पवन नेमा एवं आराधना पवार की गरिमामयी उपस्थिति रही ओर सभी अतिथियों एवं नागरिकों ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं डॉ. पवन नेमा ने योगा कराया, वहीं अंकिता सोनी ने नागरिकों को घरों में चार अलग-अलग डस्टबिन रखने तथा गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा एवं सैनिटरी कचरे को पृथक-पृथक एकत्रित कर कचरा वाहन को अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया।

## यूसीसी के दायरे से आदिवासियों को बाहर रखने की माँग, कोयतोड गोंडवाना महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**सौंसर।** शनिवार को सौसर नगर में 'कोयतोड गोंडवाना महासभा' मध्य प्रदेश द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर सौसर प्रशासन को अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा।प्रशासन को सोपे ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य समान नागरिक संहिता के संदर्भ में अनुसूचित जनजातियों के हितों का संरक्षण करना था।महासभा के नेताओं ने स्पष्ट किया कि अनुसूचित जनजातियाँ केवल एक सामाजिक वर्ग नहीं हैं, बल्कि उनकी अपनी विशिष्ट सामाजिक व्यवस्था, विवाह प्रणाली, उत्तराधिकार नियम और धार्मिक आस्थाएं हैं। ज्ञापन में तर्क दिया गया है कि आदिवासी समाज सदियों से अपनी पारंपरिक प्रथाओं और 'कस्टमरी लॉ'के अनुसार जीवनयापन करता आ रहा है, जिसे संविधान का संरक्षण प्राप्त है। ज्ञापन में उच्च स्तरीय समिति, समान नागरिक संहिता 2026 को संबोधित करते हुए कई संवैधानिक आधारों पर अपनी बात रखी गई। संगठन ने संविधान का अनुच्छेद 13(3)(क) 'रूटऔर 'प्रथा को कानून की परिभाषा में शामिल करता है, जो जनजातीय परंपराओं को विधिक मान्यता प्रदान करता है।अनुच्छेद 25 के तहत आदिवासी समुदायों की प्रकृति पूजा, सरना-जाहेरथान, पेन परंपरा, कुलदेव परंपरा और गोंड धर्म जैसी विशिष्ट धार्मिक प्रणालियों को सुरक्षित रखा जाना चाहिए। कोयतोड़ गोंडवाना महासभा ने पेसा अधिनियम 1996, वनाधिकार अधिनियम 2006, पांचवी अनुसूची और भूरिया समिति की अनुशंसाओं का हवाला देते हुए कहा कि आदिवासियों की विशिष्ट संवैधानिक पहचान को बनाए रखना अनिवार्य है। इस दौरान कोयतोड गोंडवाना महासभा, भारतीय बौद्ध महासभा, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, भारत मुक्ति मोर्चा के भगवान श्रीरामे, डा अशोक भगत,जी एम दुफारे, विजय घाटोड, आबिद शेख,अरून बागड़े,सैफ अली, योगिराज वासनिक, प्रकाश सहारे, क्रष्णा पहाड़े, भीमराव आहके,अर्चना धुर्वे,रीमा धुर्वे, सिद्धार्थ सोमकुँवर आदि थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डेंटिस्ट कक्ष और चेयर न होने से मरीजों में निराशा




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव**

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में एक बार फिर क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में बीते दो माह पूर्व डेंटिस्ट की नियुक्ति मध्य प्रदेश शासन द्वारा की गई है, किंतु अब तक डेंटिस्ट को किसी भी प्रकार की सुविधा प्रदान नहीं की गई है।

मिली जानकारी अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमडीएस डेंटिस्ट को ना तो कक्ष उपलब्ध कराया गया है और ना ही डेंटिस्ट चेयर ऐसे में क्षेत्र से आने वाले ग्रामीण आदिवासी अपना उपचार करने में अक्षम नजर आ रहे हैं। डेंटिस्ट डॉक्टर मुदस्सर से मिली जानकारी अनुसार उन्होंने अपनी नियुक्ति के साथ ही कक्ष और डेंटिस्ट चेयर की मांग लिखित में की थी किंतु आज दिनांक तक उन्हें यह सुविधा नहीं मिलने के कारण वह उपचार करने में अक्षम है।

### इनका कहना है

डॉक्टर की नियुक्ति दो माह पूर्व हुई है आवश्यक इक्विपमेंट्स एवं सामग्री के लिए कार्यवाही की जाएगी।

**सुरेश नागवंशी बीएमओ**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र**
**जुन्नारदेव**

# 110 आवेदन प्राप्त, 96 का मौके पर हुआ निराकरण

## क्षेत्रीय विधायक-एसडीएम की मौजूदगी में जनकल्याण शिविर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हर्रई**

प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत हर्रई में आयोजित जनकल्याण शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में कुल 110 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 96 आवेदनों का तत्काल निराकरण कर संबंधित हितग्राहियों को राहत प्रदान की गई।

शिविर में , क्षेत्रीय विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह एसडीएम, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय विधायक शाह ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और विभागवार प्राप्त आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए।इस दौरान राजस्व, पंचायत, विद्युत, खाद्य, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों से संबंधित मामलों पर सुनवाई की गई। अधिकारियों ने शेष लंबित आवेदनों का भी शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया।

विधायक, श्री शाह ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके क्षेत्र में ही हो तथा उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनकल्याण शिविर इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए आयोजित किए जा रहे हैं।शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने राजस्व मंत्री से की मुलाकात



**सौंसर।** नवगठित पांढुर्णा जिले के विकास कार्यों को गति देने और राजस्व संबंधी जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने भोपाल प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के विकास और जनहितैषी मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने मंत्री श्री वर्मा को पांढुर्णा जिले की वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्थाओं, जनसमस्याओं और आगामी विकास योजनाओं का विस्तृत ब्योरा दिया। चर्चा का मुख्य केंद्र राजस्व मामलों का समयबद्ध निराकरण और जिले के किसानों व आमजन को मिलने वाली सरकारी सुविधाओं को और अधिक सुगम बनाना रहा।मंत्री करण सिंह वर्मा ने जिले की आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# दीनाटोला में शराबबंदी को लेकर महिलाओं एवं पुरुषों ने निकाली रैली

## हम सबका है एक ही नारा, नशा मुक्त हो गांव हमारा

**हरिभूमि न्यूज उकवा ।**



पुलिस थाना रूपझर के अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिया के ग्राम दीनाटोला मे 11 जुन को ग्रामीणों के द्वारा बैठक रखी गई जिसमें ग्राम की सहसहमति से नशा मुक्ति अभियान के तहत एक समिति का गठन किया गया समिति के द्वारा ग्राम दीनाटोला में शराब विक्रय को प्रबंधित करने के लिए थाना प्रभारी पुलिस थाना रूपझर को ग्रामीणों के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया एवं 13 जून को शराबबंदी के विरोध में नशा मुक्ति समिति के द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में शराब बिक्री के खिलाफ रैली निकाली गई । नशा मुक्ति समिति दिना टोला की अध्यक्ष श्रीमती ममता मालाधारी के द्वारा पत्रकार आशोक राउत एं आनंद गोदरे को जानकारी देते हुए बताया गया कि गांव में शराब पीकर शराबियों द्वारा लड़ाई झगड़ा घर पर मारपीट किया जाता है एवं गांव के छोटे बच्चे भी शराब की चपेट में आ रहे हैं इसलिए हमारी समिति द्वारा शराबबंदी को लेकर एक समिति बनाई गई है किसने निर्णय लिया है कि शराब बेचते पकड़े जाने पर बेचने वाले को दस हजार रु का जुर्माना देना होगा एं शराब पीते हुए पकड़े जाने पर पांच हजार रु का दंड लीया जाएगा । नशा मुक्ति समिति से ममता मालाधारी भारती सलामे सतवन सलामे मनोज ठाकरे तेज लाल पारधी रितु मडावी लक्ष्मी सलामे कुंती अडमे शिवलाल अडमे ममता पंद्रे शशि कला अडमें रानो पूर्राम शिवराज कटरे थान सिंह ठाकरे टोपेश्वर भोयर गोरेलाल अडमे जोहर सिंह तेकाम दशरथ मरावी गणेश हनवत हरिलाल मालाधारी नेतलाल पंद्रे राकेश मेश्राम नरेंद्र मेश्राम भोलाराम भौतेकर उमेश भोयर बुधराम मरावी सुनीता अडमे रानो बाई माधुरी मरावी लीला अडमे संगिनी बाई निशा भौतेकर ज्योति सलामे रंजना जगने सरूलता कोर्राम एं अंतराम उइके आदि ग्राम दिना टोला के ग्रामीण जन नशा मुक्ति अभियान के तहत निकल गई रैली में शामिल रहे ।

# लांजी में ठेकेदारों की मेहरबानी से गांव-गांव छलक रहा जाम! अवैध शराब के जाल में फंस रही नई पीढ़ी




**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी तहसील में अवैध शराब कारोबार का जाल तेजी से फैलता नजर आ रहा है। आरोप हैं कि शराब ठेकेदारों की मिलीभगत से लाइसेंसी शराब दुकानों से ही गांवों तक अवैध रूप से शराब की सप्लाई की जा रही है। हालात यह हैं कि जिन गांवों में शराब बिक्री की कोई अनुमति नहीं है, वहां भी घरों और किराना दुकानों से देशी-विदेशी शराब खुलेआम बेची जा रही है।

**ठेकों से निकल रही पेटियां, गांवों में सज रहे अवैध काउंटर:** स्थानीय लोगों के अनुसार शराब दुकानों से प्रतिदिन बाइक और जीप के माध्यम से शराब की पेटियां गांवों तक पहुंचाई जा रही हैं। इसके लिए कुछ युवाओं को मामूली पैसों का लालच देकर सप्लाई का काम कराया जा रहा है। गांव पहुंचने के बाद यही शराब अवैध काउंटरों के जरिए ऊंचे दामों पर बेची जाती है। बड़े गांवों में चार से छह और छोटे गांवों में दो से चार तक अवैध शराब बिक्री केंद्र संचालित होने की चचार्एं क्षेत्र में आम हैं। हैरानी की बात यह है कि अवैध शराब पर रोक लगाने के लिए जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की गाडय़ाँ क्षेत्र में लगातार दौड़ती दिखाई देती हैं, लेकिन इसके बावजूद शराब का यह अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे आबकारी विभाग की कार्रवाई और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब की आसान उपलब्धता के कारण युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढऩे का खतरा पैदा हो रहा है, वहीं कई परिवार सामाजिक और आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि शराब दुकानों से गांवों तक होने वाली अवैध सप्लाई की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर ठेकों से निकलकर गांवों तक पहुंच रही शराब की इस अवैध श्रृंखला पर जिम्मेदार विभाग कब तक शिकंजा कस पाएगा या फिर यह कारोबार इसी तरह फलता-फूलता रहेगा।

## उमरी में हुआ जोनल स्तरीय निरंकारी बाल संत

### बहन शिवानी चौहान के सक्षम बाल संतों ने दी आध्यात्मिक चेतना की प्रस्तुति



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से संत निरंकारी मिशन द्वारा जोनल स्तरीय 'निरंकारी बाल संत समागम' का आयोजन किया गया। शनिवार, 13 जून को दोपहर 12 बजे से शाम 04 बजे तक संत निरंकारी सत्संग भवन उमरी में यह आयोजन हुआ। 'आत्म मंथन' विषय पर केंद्रित इस बाल संत समागम का मुख्य सार सत्गुरु ही आदर्श, सत्गुरु ही आधार रखा गया था। जोन-24 जबलपुर के अंतर्गत आयोजित इस समागम में बहन शिवानी चौहान के सान्निध्य में बच्चों ने अपने आध्यात्मिक विचार रखें। समागम में निरंकारी मिशन के बाल संत भजन, कविता, भाषण और लघु नाटिकाओं के माध्यम से सतगुरु के संदेश को प्रस्तुत किया। संत निरंकारी मंडल कटंगी के सेवादारों ने बताया कि इस समागम का उद्देश्य बाल मन में आध्यात्मिक चेतना जागृत करना और उन्हें मानवता, प्रेम, एकता व भाईचारे के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना था। आज के समय में बच्चों को मोबाइल और टीवी की दुनिया से निकालकर संस्कारों से जोड़ना बेहद जरूरी है। ऐसे बाल संत समागम बच्चों को सत्संग से जोड़ते हैं और उनमें नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं। समागम में जोन-24 के अंतर्गत आने वाले जबलपुर, बालाघाट, मंडला, सिवनी और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में निरंकारी श्रद्धालु और बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बाल संतों को मिशन की ओर से प्रोत्साहित किया गया।

# ग्राम पंचायत किरनापुर में हुआ जन कल्याण शिविर का आयोजन

## जनकल्याणकारी शिविर में हितग्राहियों को वितरित किए गए हितलाभ



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 5 जून से 21 जून 2026 तक चलाए जा रहे जनकल्याणकारी शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत किरनापुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत किरनापुर में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री राणा कल्याण सिंह उपस्थित रहे। साथ में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष हितग्राही मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया भी की गई। प्रशासन द्वारा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं केक्रियान्वयन में सक्रियता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आग्रह किया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य शासन की योजनाओं को सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाना और जनसेवा को अधिक सशक्त बनाना है।

# जल गंगा संवर्धन या तालाबों की लूट? लांजी में जेसीबी के पंजों से छलनी हो रहे जल स्त्रोत, जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल



## जल संरक्षण की आड़ में रसूखदारों के यहां पहुंच रही मिट्टी, अवैध उत्खनन और सांठगांठ की निष्पक्ष जांच की उठी मांग

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर परिषद लांजी क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन योजना के नाम पर तालाबों में चल रहे उत्खनन कार्यों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। स्थानीय लोगों के आरोप हैं कि जल संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से शुरू किए गए कार्यों की आड़ में तालाबों को जेसीबी मशीनों से गहरे तक खोदा जा रहा है, जिससे कई जल स्त्रोतों की प्राकृतिक संरचना प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई है। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि आखिर इन कार्यों की निगरानी कौन कर रहा है और नियमों का पालन हो रहा है या नहीं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तालाबों से निकाली जा रही मिट्टी का उपयोग किसानों के हित में कम और कुछ प्रभावशाली लोगों के मकानों तथा व्यावसायिक स्थलों पर भराव के लिए अधिक किया जा रहा है। इससे जल गंगा संवर्धन योजना के मूल उद्देश्य पर ही प्रश्नचिह्न लगने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिन तालाबों को भविष्य के लिए जल संग्रहण का आधार बनना था, वे आज मशीनों की गडग़ड़ाहट के बीच अपना अस्तित्व खोने की कगार पर दिखाई दे रहे हैं।

लोगों ने मांग की है कि नगर परिषद स्पष्ट करे कि किन-किन तालाबों में जल गंगा संवर्धन के तहत कार्यों की स्वीकृति दी गई है तथा क्या इन कार्यों के लिए खनिज विभाग और राजस्व विभाग से आवश्यक अनुमति प्राप्त की गई है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि शिकायतों की जांच के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा इन कार्यों को योजना का हिस्सा बताकर मामला शांत कराने का प्रयास किया जाता है। स्थानीय नागरिकों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा है कि यदि उत्खनन में किसी प्रकार की अनियमितता या मिलीभगत सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए। अब देखना होगा कि प्रशासन इन गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई जनता के सामने लाता है या फिर जल संरक्षण के नाम पर उठ रहे ये सवाल यूं ही गूंजते रहेंगे।

# खरीफ सीजन की तैयारियां तेज, कृषि सखियों और किसानों को डीएसआर तकनीक का प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** रबी सीजन के सफल समापन के बाद कृषि विभाग अब खरीफ फसलों की तैयारियों में जुट गया है। इसी क्रम में आत्मा परियोजना अंतर्गत दिनांक 12 जून 2026 को डब्ल्यूआरआई (WRI) संस्था, दिल्ली के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से आई कृषि सखियों तथा आत्मा परियोजना अंतर्गत प्रदर्शन करने वाले चयनित किसानों को धान की सीधी बुवाई की आधुनिक तकनीक डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान डब्ल्यूआरआई की तकनीकी विशेषज्ञ श्रीमती श्रुति अरविंद ने डीएसआर तकनीक के लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पारंपरिक रोपा पद्धति की तुलना में डीएसआर तकनीक अधिक किफायती, श्रम बचाने वाली और जल संरक्षण के लिए उपयोगी है। इस पद्धति में धान की सीधे बुवाई की जाती है, जिससे कम पानी, कम श्रम और कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में घटते भू-जल स्तर को देखते हुए डीएसआर तकनीक किसानों के लिए एक प्रभावी विकल्प बनकर उभर रही है। प्रशिक्षण में कृषि सखियों एवं किसानों को खेत की तैयारी, बीज उपचार, उन्नत बीज किस्मों का चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण तथा सिंचाई प्रबंधन की वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन एवं आय बढ़ाने के उपाय भी बताए।

उप संचालक कृषि सह परियोजना संचालक आत्मा श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले में कार्यरत 100 कृषि सखियों को इस खरीफ सीजन में विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रत्येक कृषि सखी को अपने क्षेत्र में 50 हेक्टेयर भूमि पर डीएसआर पद्धति से धान की बुवाई सुनिश्चित करनी होगी। इस प्रकार जिले में कुल 5 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को डीएसआर तकनीक के दायरे में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। श्री मालवीय ने प्रशिक्षण के दौरान डीएसआर तकनीक के लिए उपयोगी सुपर सीडर एवं सीड ड्रिल मशीनों के संचालन और उपयोग की विधि की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से समय, श्रम और लागत में कमी आती है तथा खेती अधिक लाभकारी बनती है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्मा समिति के अधिकारी-कर्मचारी, कृषि विस्तार अधिकारी तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कृषक एवं कृषि सखियां उपस्थित रहीं। कृषि विभाग ने उम्मीद जताई है कि डीएसआर तकनीक के व्यापक प्रचार-प्रसार से जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की उत्पादन लागत में कमी आने के साथ उनकी आय में भी वृद्धि होगी।

## वारा के पूर्व सरपंच राजा अली और साथियों के खिलाफ थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

# फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी!

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

ट्रेडिंग के नाम पर अधिक मुनाफे का लालच देकर क्षेत्र के भोले भाले लोगों की शादी कमाई हड़पने का एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। वारासिवनी वार्ड नंबर 1 निवासी एवं कृषि उपज मंडी कर्मचारी नागेंद्र रंगारे, वार्ड नंबर 7 निवासी मिनाज अली, शाहिद खान, आदिल कुरैशी सहित कई अन्य पीड़ित नागरिकों ने पुलिस थाना वारासिवनी में थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ितों ने ग्राम पंचायत वारा के पूर्व सरपंच रिजवान उर्फ राजा अली, मुद्दसर, तौसीफ और फरहान पर फारेक्स ट्रेडिंग के बहाने लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने और पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। थाने में सौंपी गई लिखित शिकायत में बताया गया है कि रिजवान उर्फ राजा अली ने पीडित नागेंद्र रंगारे, मिनाज अली, आदिल कुरैशी, शाहिद खान और अन्य लोगों से लगातार संपर्क साधकर उन्हें एक तथाकथित ट्रेडिंग कंपनी में निवेश करने के लिए प्रेरित करते हुए दावा किया था कि वह स्वयं उस कंपनी में काम करता है और कई बड़े व नामी लोग इसमें पैसा लगाकर भारी मुनाफा कमा रहे हैं। लगातार दिए गए प्रलोभनों के बाद पीडितों को झांसा दिया गया कि यदि वे एकमुश्त राशि जमा करते हैं, तो उन्हें प्रति माह 5 प्रतिशत की दर से लाभांश दिया जाएगा साथ ही यह आश्वासन भी दिया था कि यदि कंपनी डूबती है तो वह अपने पास से पूरा पैसा वापस लौटाएगा।

### फर्जी ऐप और आईडी बनाकर की धोखाधड़ी

पौड़ितों का आरोप है कि पैसे लेने के बाद रिजवान राजा अली ने उन्हें एक ऑनलाइन आईडी और पासवर्ड बनाकर दिया था, जिसमें उनकी बैंक डिटेल फीड थी। शुरुआत में कुछ महीनों तक 5 प्रतिशत की दर से राशि दी गई, लेकिन कुछ समय बाद आईडी से ट्रांजैक्शन बंद हो गया। जब पीड़ितों ने इस पर आपत्ति जताई, तो तकनीकी खराबी का बहाना बनाया गया और बाद में पता चला कि राजा अली ने स्वयं की गारंटी लेते हुए ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर एक फर्जी मोबाइल ऐप तैयार किया था। इस फर्जी ऐप के जरिए शुरुआत में लाभ दिखाकर पीड़ितों का विश्वास जीता गया और बाद में पूरा पैसा ब्लॉक कर दिया गया। प्रचार प्रसार के लिए राजा अली के व्हाट्सएप ग्रुप मोबाइल नंबर 9936844583 एवं 9425447331 का भी उपयोग किया गया।




### राजा अली ने मुझे ट्रेडिंग लाभांश का झासा देकर फसाया-नागेंद्र रंगारे

पीड़ित नागेंद्र रंगारे ने बताया कि मैं वार्ड नंबर एक में रहता हूं। 2024 में वारा के पूर्व सरपंच राजा अली ने मुझे बुलाया और ट्रेडिंग के बारे में समझाया। मुझे रिस्क पता था पर उन्होंने 6 प्रतिशत ब्याज हर महीने मिलने की बात कहीं और मुझे लेकर अपनी प्रॉपर्टी दिखाने ले गए और कहां कि तुमने नौकरी में क्या कमाया है? कई सम्मानजनक लोगों के नाम भी बताएं कि इन्होंने इन्वेस्ट किया है। तो इन्होंने मुझे पहली बार 3 लाख और फिर दो-दो लाख कर 7 लाख रुपए मेरे लगाएं, मेरे खाते को एक अपने ऐप में जोड़ा। इसमें राजा अली इनवेस्ट करता था, हम लोगों से केवल ओटीपी मांगता है। राजा अली, मुदस्सर, फरहान और तौसीफ यह चार लोग है, जब हमने रुपए मांगने के लिए संपर्क किया, तो इन्होंने देने से इनकार कर दिया।

### वारासिवनी में यह मामला 25 करोड़ का है, जो राजा अली ने सबको फ़साया है- मिनाज अली

मिनाज अली ने बताया कि मैं वार्ड नंबर 7 में रहता हूँ, राजा अली ने मोबाइल पर मुझसे संपर्क कर ट्रेडिंग के बारे में बताया और लगने वाले पैसे की फुल गारंटी ली। तो हमने भी अपने रुपए लगा दिए। तीन से चार महीने अच्छा वापस दिया और फिर अचानक बंद कर दिया। पूछने पर टालमटोल करने लगे। मैंने पहले 5 लाख फिर 4 लाख ऐसे कुल 9 लाख रुपए दिए हैं। यह मामला बहुत बड़ा है, वारासिवनी में करीब 25 करोड रुपए का मामला है। इन्होंने पूरे रुपए समेट कर प्रॉपर्टी खरीद ली है। अब कहते हैं कि जो बनता है, कर लो, जबकि इन्हें वादे के अनुसार हमें हमारे रुपए देने चाहिए। क्योंकि इन्होंने हमें हमारी इच्छा पर विड्राल की भी बात कही थी, परंतु वह भी नहीं रहा है। हम पुलिस अधीक्षक के भी पास इस मामले में जाने वाले हैं।राजा अली के द्वारा धमकी दी जाती है की रिपोर्ट करेंगे तो पैसे नही मिलेंगे- शाहिद खानशाहिद खान ने बताया कि कोई ट्रेडिंग कंपनी की जानकारी लेकर मुदसर तौसीफ के साथ हमारे घर आया और हमें समझाया। यह रोज आते थे, कहते थे हमारी कंपनी में इन्वेस्ट करो अच्छा वापस देंगे। तो हमने रुपए लगा दिए। चार माह तक इन्होंने रुपए वापस किया, फिर साइड बंद हो गई। दो तीन बार हमने इन्हें अपना पैसा मांगा, तो कहा कि आगे से पैसा-आते ही हम दे देंगे। 9 जून को हमने इन्हें फोन किया, तो यह कहते हैं कि अभी कोई चांस नहीं है, रुपए मिलने का रिपोर्ट लगाओगे तो रुपए नहीं मिलेंगे तो हमने थाने में शिकायत की है।

### लगातार ट्रेडिंग कंपनी में पैसा डालने दबाव बनाया जा रहा था- आदिल कुरैशी

आदिल कुरैशी ने बताया कि 2023 में मुदसर मेरे पास आकर लगातार ट्रेडिंग कंपनी में पैसा डालने के लिए फोर्स कर रहा था, बहुत ज्यादा परेशान कर दिया था। फिर भी हमारे द्वारा उसे मना किया गया, परंतु जुलाई 2024 में वह घर आकर जिद करने लगा, तो हमने एक लाख रूपये डाले। इन्होंने हमें अच्छा लालच दिखाया और दबाव भी बनाया। जब जब हम पैसा मांगने के लिए फोन लगाया , तो ब्लैक लिस्ट में हमारा नंबर डाल दिए। कंपनी बंद हो गई, तो रुपए नहीं मिलेंगे, कहते हैं। हम यही चाहते हैं कि हमें हमारी रकम मिले और इन लोगों पर कठोर कार्यवाही ही।

### इनका कहना हैं

फारेक्स ट्रेडिंग के माध्यम से लाभ कमाने का प्रलोभन देकर लोगों के पैसे बड़ी मात्रा में लगाने की शिकायत कुछ शिकायतकर्ताओं के द्वारा थाना प्रभारी को की गई थी। जिसमें जांच की जा रही है और पता लगाने का कार्य किया जा रहा है कि यह जो लोग हैं, वह किसी कंपनी से जुड़े थे, किस पद पर कार्य कर रहे थे। जांच में आए तथ्यों के आधार पर आगे विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।

**अभिषेक चौधरी**
**एसडीओपी वारासिवनी**

## डोंगरिया के फार्म हाउस में आधी रात को तंत्र, मंत्र के माध्यम से गुप्त धन की खुदाई करने के आरोप में 4 तांत्रिक रंगे हाथों गिरफ्तार

### शराब, मुर्गा और हिरन का पुतला रखकर चल रही थी पूजा, भूमि मालिक ने साथियों के साथ मिलकर पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम डोंगरिया में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां कथित रूप से गड़े धन की खोज और तंत्र मंत्र के चक्कर में एक फार्म हाउस के गेट का ताला तोड़कर अवैध रूप से खुदाई कर रहे महाराष्ट्र के चार आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भूमि मालिक की सजगता और वारासिवनी पुलिस की त्वरित मुस्तैदी से एक बड़ी आपराधिक व तांत्रिक गतिविधि को नाकाम कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में अपराध क्रमांक 299/2026 के अंतर्गत चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 331,4 एवं 3/5 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### ऐसे खुला तांत्रिकों का राज

जानकारी अनुसार बालाघाट निवासी ठेकेदार सेवेन्द्रसिंह परिहार का बालाघाट में फार्म हाउस है। 11 जून की रात करीब साढ़े 8 बजे उनके ड्राइवर पंकज ब्रम्हे ने फोन पर उन्हें सूचना दी थी कि डोंगरिया स्थित फार्म हाउस के मुख्य गेट का ताला तोड़कर कुछ अज्ञात लोग जबरन अंदर घुस गए हैं। सूचना मिलते ही सेवेन्द्रसिंह अपने साथी अमित शर्मा और इंदरचंद बसेना को साथ लेकर तुरंत फार्म हाउस पहुंचे। वहां मुख्य गेट के बाहर एक संदिग्ध ग्रे रंगकी आई.10 कार क्रमांक एम एच 49 यु 7738 खडी थी। जब भूमि मालिक अपने साथियों के साथ फार्म हाउस के अंदर बने लेबर क्वार्टर और किचन के बीच खाली जगह पर पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गए। आरोपी वहां गैती और फावड़े से करीब डेढ़ फीट गहरा गड्ढा खोद चुके थे। गड्ढे के पास तांत्रिक क्रिया की सामग्री जैसे सिंदूर, कुमकुम, पुराने सिक्के, कौड़ी, शराब, मुर्गा और हिरन का पुतला रखा हुआ था। वे सभी किसी गुप्त धन को निकालने की नीयत से पूजा पाठ और खुदाई कर रहे थे।




### यह पकड़े गए आरोपी स्थानीय संरक्षकों ने रची थी साजिश

मौके से पुलिस और नागरिकों की मदद से पकड़े गए आरोपी में ललित चिताडे निवासी पिपलाकाटा हुडकेश्वर रोड नागपुर महाराष्ट्र, हीराधर जगताप निवासी वार्ड न. २ अयोध्या नगर नागपुर महाराष्ट्र, पूनाजी मेश्राम निवासी बोरगांव चन्द्रपुर महाराष्ट्र, धर्मेश कुल्हे निवासी पंचपाओली नागपुर शहर महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्हें डोंगरिया निवासी किशोर दमाहे और मशीनटोला निवासी अखिल कालबेले ने इस फार्म हाउस में भारी मात्रा में गड़ा हुआ धन होने का लालच देकर बुलाया था। स्थानीय आरोपियों के कहने पर ही ये लोग ताला तोड़कर अंदर घुसे थे। घटना की जानकारी लगते ही भूमि मालिक और उनके साथियों ने तत्परता दिखाते हुए वारासिवनी थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर चारों आरोपियों को दबोचकर थाने ले आई। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त खुदाई के उपकरण और तंत्र मंत्र की सामग्री जब्त कर ली है। फरार स्थानीय आरोपियों की तलाश की जा रही है और मामले को विस्तृत विवेचना जारी है।

## चार बच्चों की मां की गला रेतकर हत्या

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के बैहर स्थित मोदीनगर में चार बच्चों की मां की गला रेतकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड में 'गणेश' नाम के एक युवक पर शक की सुई घूम रही है, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को मोदीनगर में एक अधूरे बने (निर्माणाधीन) मकान में 35 वर्षीय सविता धुर्वे का खून से लथपथ शव मिला। सविता की गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया गया था

सविता के पति का पहले ही निधन हो चुका था और वह अपनी बेटियों के साथ रहती थीं। गुरुवार की रात सविता घर पर नहीं थीं।

शुक्रवार को जब उनकी बेटियां उस निर्माणाधीन मकान की तरफ गईं, तो वहां अपनी मां की लाश देखकर उनके होश उड़ गए।

सविता की बेटियों ने पुलिस को बताया कि 'गणेश अंकल' अक्सर उनके घर आते-जाते थे और वहीं रहते भी थे। वहीं, आस-पड़ोस के लोगों ने भी पुलिस को जानकारी दी है कि सविता को आखिरी बार उसी गणेश नाम के युवक के साथ देखा गया था। इन बयानों के बाद पुलिस गणेश को मुख्य संदिग्ध मानकर उसकी तलाश कर रही है।



घटना की खबर मिलते ही बैहर थाना पुलिस और बालाघाट से फॉरेंसिक (FSL) की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच की।

थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने बताया कि पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। उन्होंने दावा किया कि पुलिस हत्या की वजह और आरोपी के बेहद करीब पहुंच चुकी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। हालांकि, हत्या की असली वजह क्या थी, यह अभी पूरी तरह साफ नहीं हो पाया है।

## बालाघाट जिले के लिए विकास के नये द्वारा खोलेगा ब्रिज - प्रभारी मंत्री श्री सिंह

# प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने रोड ओव्हर ब्रिज का किया लोकार्पण

### 21.68 करोड रुपए की लागत से बना है रोड ओव्हरब्रिज

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने 13 जून को बालाघाट-वारासिवनी-कटंगी मुख्य मार्ग पर वैनगंगा नदी के पुल के पहले रेल्वे क्रासिंग बीके-09, किलोमीटर 1048/0-1 पर निर्मित रोड ओव्हर ब्रिज (आरओबी) का लोकार्पण किया। इस ब्रिज के लोकार्पण के साथ ही इससे वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। रोड ओव्हर ब्रिज से आवागमन शुरू होने से रेलवे की मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग क्रमांक बीके-09, किलोमीटर 1048/0-1 को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि राजा भोज के नामकरण वाले इस ओव्हरब्रिज के लोकार्पण कार्यक्रम में उन्हें शामिल होने का सौभाग्य मिला है। इसके लिए वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में देश में व्यापक स्तर पर परिवर्तन आया है और विकास के अनेको कार्य कराये जा रहे है। इससे बालाघाट जिला भी अछुता नही रहा है। बालाघाट में रेलवे क्रासिंग पर निर्मित यह पुल केवल बालाघाट जिले की जनता के लिए ही नही बल्कि यहॉ आने वाले यात्रियों के लिए भी एक सुखद अहसास कराने वाला माध्यम बनेगा। इसका लाभ जिले की जनता और आने वाले यात्रियों को लंबे समय तक मिलेगा। यह रोड ओव्हरब्रिज बालाघाट जिले के विकास के नये द्वारा खोलेगा और नई संभावनाओं को जन्म देगा।



प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण हो गए है। उनके नेतृत्व में देश में प्रगति के नये सोपान तय किये है और देश को तेजी से विकास की राह पर आगे बढाया है। हम सौभाग्यशाली है कि हमें डबल इंजन की सरकार मिली है। केंद्र और राज्य दोनो सरकारों में समन्वय होता है तो वहॉ पर प्रगति पहले दस्तक देती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कमजोर व गरीब तबके के लोगो को ध्यान में रखकर योजनाएं बनायी है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना में गरीबों को एक साल में 05 लाख तक का मुफ्त ईलाज की सुविधा दी है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए एयर एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध करायी है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहां पर गरीब लोगो को एयर एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध करायी गई है।

### सोलर पंप से सिंचाई हुई आसान, खरीफ के साथ अब रबी से भी होगी आय

बालाघाट। खेती में समय पर सिंचाई किसी भी किसान की सफलता की सबसे बड़ी कुंजी होती है। बालाघाट जिले की कटंगी तहसील के ग्राम नहलेसरा की महिला कृषक श्रीमती कोकिला ठाकुर के लिए भी सिंचाई एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन अब प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना ने उनकी इस समस्या का स्थायी समाधान कर दिया है। खेत में 7.5 हार्सपावर क्षमता का सोलर पंप स्थापित होने के बाद उनके परिवार की खेती को नई ऊर्जा और नई दिशा मिली है। कोकिला ठाकुर ने प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत अपने डेढ़ एकड़ खेत में सोलर पंप लगाने के लिए आवेदन किया था। योजना के अंतर्गत सोलर पैनल, पंप एवं अन्य उपकरणों की कुल लागत में उन्हें केवल 10 प्रतिशत अंशदान के रूप में 41 हजार 570 रुपये जमा करने पड़े, जबकि शेष 90 प्रतिशत राशि शासन द्वारा अनुदान के रूप में प्रदान की गई। खेत में सोलर पैनल और पंप की स्थापना का कार्य पूरा हो चुका है तथा 12 जून 2026 से सोलर पंप के माध्यम से सिंचाई का कार्य भी शुरू हो गया है। अब खेत में दिनभर सूर्य की रोशनी से संचालित पंप के जरिए आसानी से पानी उपलब्ध हो रहा है। कोकिला ठाकुर बताती हैं कि पहले उनके खेत में बिजली का कनेक्शन तो था, लेकिन सिंचाई के लिए पर्याप्त समय पर बिजली नहीं मिल पाती थी।

## किसानों के विरोध पर रुकी उगाही, स्टाफ की कमी बनी बहाना

# मंडी में 'प्रवेश पर्ची' के नाम पर अवैध वसूली

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले की कृषि उपज मंडी कटंगी में किसानों से प्रवेश पर्ची यानी गेट पास के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे जब कुछ जागरूक किसानों से मंडी कर्मचारियों ने प्रति ढेर 5 रुपये लेकर पर्ची थमाई, तो पूरा मामला उजागर हो गया। हैरानी की बात यह रही कि किसानों को दी गई पर्ची पर 'प्रवेश शुल्क शून्य' अंकित था। इसके बाद किसानों ने हंगामा कर दिया और मंडी कर्मचारियों को शुल्क लेना बंद करना पड़ा। किसानों के आरोप हैं कि मंडी प्रबंधन स्टाफ की कमी का बहाना बनाकर यह मंडी में खरीदी शुरू होने के साथ ही खेल कर रहा था। शनिवार को रबी सीजन की धान बेचने पहुंचे किसान जब मंडी परिसर में अपनी उपज की ढेरी लगा चुके थे, तब मंडी के कुछ कर्मचारी उनके पास पहुंचे और प्रति ढेर 5 रुपये की मांग करने लगे। कर्मचारियों ने किसानों को एक पर्ची भी थमाई। लेकिन जब किसानों ने पर्ची को ध्यान से देखा तो उस पर 'प्रवेश शुल्क शून्य' लिखा था। शून्य शुल्क वाली पर्ची के बदले 5 रुपये लिए जाने पर किसान भड़क गए। उन्होंने तत्काल इसका विरोध शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ता देख मंडी कर्मचारियों ने चुपचाप शुल्क लेना बंद कर दिया। किसानों का कहना है कि यह वसूली लंबे समय से चल रही थी, लेकिन शनिवार को जागरूक किसानों के कारण पकड़ में आ गई।

वसूली का विरोध करने के बाद किसान सीधे मंडी सचिव संत कुमार डहेरिया के दफ्तर पहुंचे, लेकिन सचिव मौके पर मौजूद नहीं थे। मंडी में मौजूद एक महिला कर्मचारी ने किसानों को बताया कि वह किसानों से लिए जाने वाले शुल्क का रजिस्टर मेंटेन कर रही है। हालांकि महिला कर्मचारी यह नहीं बता पाई कि जब पर्ची पर शुल्क शून्य है तो 5 रुपये किस मद में लिए जा रहे हैं और यह पैसा कहां जमा हो रहा है। किसानों के आक्रोश के बाद मंडी प्रबंधन ने फिलहाल शुल्क वसूलना बंद कर दिया है। लेकिन सवाल यह है कि अब तक जो वसूली हुई, उसका हिसाब कौन देगा?



**नियम गेट पर ही लगता है प्रवेश शुल्क':** मंडी अधिनियम के जानकार बताते हैं कि कृषि उपज मंडी में प्रवेश शुल्क वाहन के गेट से अंदर आने पर ही लिया जाना चाहिए। यह शुल्क मंडी बोर्ड द्वारा निर्धारित होता है और इसकी रसीद दी जाती है। लेकिन कटंगी मंडी में नियमों को ताक पर रखकर ढेर लगने के बाद किसानों से प्रति ढेर 5 रुपये वसूले जा रहे थे। मंडी प्रबंधन इसके पीछे कर्मचारियों की कमी का हवाला दे रहा है। उनका कहना है कि गेट पर कर्मचारी न होने के कारण वे अंदर ढेरी लगने के बाद शुल्क ले रहे हैं। लेकिन किसान सवाल उठा रहे हैं कि जब पर्ची पर शुल्क शून्य है तो फिर पैसा किस बात का लिया जा रहा है?

**12 में से 11 पद खाली, एक दशक से नहीं हुई भर्ती:** इस पूरे मामले के बीच मंडी की बदहाली की असली वजह भी सामने आई है। जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी कटंगी में सहायक उप निरीक्षक के 12 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में मात्र 1 पद पर ही नियुक्ति है। शेष 11 पद पिछले करीब एक दशक से रिक्त पड़े हैं। स्टाफ की भारी कमी के कारण मंडी की व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं।

अवैध वसूली सामने आने के बाद किसानों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ भी नाराजगी जताई। खासतौर पर प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव पर किसान व्यंग्य करते सुनाई दिए। किसानों का कहना था कि सरकार एक तरफ किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है, दूसरी तरफ मंडी में ही उनसे अवैध वसूली हो रही है। ग्राम बीसापुर के किसान गीतेन्द्र बिसेन ने कहा वह 10 किमी दूर से आए हैं। पहले ही भाव कम मिल रहा है, ऊपर से मंडी में 5 रुपये प्रति ढेर के हिसाब से वसूल किए जा रहे है उन्होंने कहा कि 5 रुपए एक छोटी रकम जरूर है यह सोचकर अवैध वसूली को बढ़ावा नहीं दिया जा सकता। अब पता चला कि यह तो अवैध है। सरकार को ऐसे लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए। एक अन्य किसान रुपचंद पंचबाहे ने कहा, जब पर्ची पर जीरो लिखा है तो पैसा किस बात का? यह तो सीधी लूट है। हम दिन-रात मेहनत कर फसल उगाते हैं और यहां मंडी में कर्मचारी हमसे ही वसूली करते हैं।

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
रोजगार हेतु नियमित केम्पस
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
स्वामी विवेकानन्द प्रा. I.T.I.
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

ओरिएण्टल इंजीनियरिंग कॉलेज लालबर्रा (बालाघाट)
B.Tech
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
सिविल इंजीनियरिंग
मैकेनिकल इंजीनियरिंग
कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
Polytechnic
माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
सिविल इंजीनियरिंग
मैकेनिकल इंजीनियरिंग
कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
Balaghat Road Lalburra, Teh. Lalburra, Dist. Balaghat M.P. 9202131331, 9202121331

DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
लालबर्रा रोड गर्रा बालाघाट फोन - 6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन
फिटर
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
दिगम्बर जैन मंदिर के पास मेन रोड बालाघाट
फोन - 7999525911, 9425892823
BCA
M.Sc.(CS)
DCA
PGDCA
विशेषताएं:-

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
PHARMACY
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) 9174192111, 9174202111